Success Story Template

Name of Enterprise : Surendra Pottery Udyog

Name of the Entrepreneur : Surendra Kumar Prajapati

Mobile Number : 9935358502

Email ID :

Business Sector : Black Pottery
(eg Wooden/Leather/Handicraft etc)

Product Description :
(Eg Wooden Toys/Furniture/Décor etc)

No. of Employees:

Before availing the benefits of GoUP scheme:

After availing the benefits of GoUP scheme: 4

Production (mention unit eg Kg/Pieces/Meter etc)

Before availing the benefits of GoUP scheme

After availing the benefits of GoUP scheme: 10 - 12 Lakhs

Success Brief*

मै सुरेन्द्र प्रजापति पुत्र श्री बिहारी राम प्रजापति, उत्तर प्रदेश के निज़ामाबाद आजमगढ़ जिले का निवासी हूं। यह स्थान ब्लैक पॉटरी एवं टेराकोटा के लिए प्रसिद्ध है। मै इस शिल्प में बचपन से कार्यरत हूं। मेरे पूर्वज इस कार्य को मुगलों और ब्रिटिश काल से करते आ रहे हैं। बीच के वर्षों में इस कला में अधिक लाभ ना होने के कारण हमें जीवन यापन में परेशानी होने लगी जिसके कारण मैंने ये कार्य बंद कर दिया और पुणे जा कर दूसरे काम करके आजीविका चलाने लगा । वर्ष 2010 में गांव वालो से प्रेरित होकर वापस निज़ामाबाद आके इस काम में लग गए। इसी बीच मेरी मुलाक़ात GI स्पेशलिस्ट डॉ रजनीकांत जी से हुई जिनकी सहायता से ब्लैक पॉटरी के मार्केटिंग में मार्गदर्शन मिला। मैंने उनकी सहायता से दिल्ली, प्रगति मैदान, लखनऊ महोत्सव, गंगा महोत्सव, सूरजकुंड मेला, सरस मेला, पटना में होने वाली प्रदर्शनियों में भाग लिया। जिससे मेरी आर्थिक स्थिति सही हुई और विलुप्त होती कला जीवंत हो गई।

27 जून 2018 में मुझे राज्य पुरूस्कार से भी सम्मानित किया गया। जिस कारण से इस कार्य मै मेरी रुचि और बढ़ गई। इस उद्योग के विकसित ना हो पाने का मुख्य कारण शिल्पियों के पास पर्याप्त पूंजी का अभाव था। अतः मैंने उद्योग विभाग से संपर्क किया और उनसे मार्गदर्शन मांगा । उद्योग विभाग ने मेरा उचित मार्गदर्शन करके मुझे ODOP योजना के अंतर्गत लोन लेने के लिए प्रेरित किया। वर्ष 2018 में मैंने ODOP योजना के अन्तर्गत 5 लाख का लोन ले के इस काम मै लगा दिया। इससे मेरे काम में 50 प्रतिशत की वर्षिक वृद्धि हुई और मेरी इकाई का टर्नओवर 10 लाख से ज़्यादा हो गया है। मेरी इकाई में मेरा 6 लोगो का परिवार कार्यरत है तथा अन्य 4 लोगो को भी रोजगार प्राप्त होता है। मेरी इकाई में हम दीवाली के दिए, करूवा, मिट्टी के बरतन, काली मिट्टी के सजावटी समान एवं अन्य घरेलू और सजावटी समान बनाते हैं।

**Note: Success brief should mandatorily include hardship faced by the company before GoUP scheme intervention, kind of intervention and the positive impact created by govt intervention. Please add extra sheet if required.*